**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
*Completely NEET Counselling Guidance specially for*
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 147 लखनऊ, मंगलवार 09 जनवरी 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## शेख हसीना को पीएम मोदी ने दी बधाई, बोले– साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध



एजेंसी।

नई दिल्ली आम चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को कहा कि भारत बांग्लादेश का एक 'घनिष्ठ मित्र' है और दोनों पड़ोसियों ने द्विपक्षीय रूप से कई समस्याओं का समाधान किया है। हसीना ने कहा, "भारत बांग्लादेश का बहुत घनिष्ठ मित्र है। एक राजनयिक आदान–प्रदान में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान मंत्री शेख हसीना से बात की, और संसदीय चुनावों में उनकी लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने चुनाव के सफल आयोजन के लिए बांग्लादेश के लोगों की भी सराहना की। इसको लेकर प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात की और संसदीय चुनावों में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि हम बांग्लादेश के साथ अपनी स्थायी और जन–केंद्रित साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आपको बता दें कि शेख हसीना ने रिकॉर्ड लगातार चौथी बार जीत हासिल की, क्योंकि उनकी पार्टी अवामी लीग ने आम चुनावों में भारी बहुमत हासिल किया। छिटपुट हिंसा और मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों के बहिष्कार के बावजूद, हसीना की पार्टी ने 300 सीटों वाली संसद में से 223 सीटों के साथ जीत हासिल की। 299 सीटों (एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण बाद में एक सीट पर चुनाव लड़ा जाना था) के लिए आयोजित चुनाव में जातीय पार्टी को 11 सीटें हासिल हुईं, जबकि बांग्लादेश कल्याण पार्टी ने एक निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल की। स्वतंत्र उम्मीदवार 62 सीटों पर विजयी हुए, जातीय समाजतांत्रिक दल और वर्कर्स पार्टी ऑफ बांग्लादेश ने एक–एक सीट हासिल की। 76 वर्षीय हसीना, जो अवामी लीग की अध्यक्ष भी हैं, ने गोपालगंज–3 निर्वाचन क्षेत्र से भारी जीत हासिल की, जो संसद सदस्य के रूप में उनका आठवां कार्यकाल है। इस जीत के साथ, हसीना देश की आजादी के बाद से बांग्लादेश में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाली प्रधान मंत्री बनने की राह पर हैं। आम चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को कहा कि भारत बांग्लादेश का एक 'घनिष्ठ मित्र' है और दोनों पड़ोसियों ने द्विपक्षीय रूप से कई समस्याओं का समाधान किया है। हसीना ने कहा, "भारत बांग्लादेश का बहुत घनिष्ठ मित्र है। उसने 1971 में और 1975 में भी हमारा समर्थन किया। उसने मुझे और मेरी बहन और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को आश्रय दिया।" वह अपने परिवार के सदस्यों की हत्या के बाद छह साल तक भारत में निर्वासन में रहने के वक्त का उल्लेख कर रही थीं।

## साल 2024 में मुख्यमंत्री योगी का प्रथम अयोध्या आगमन भी विकास को रहेगा समर्पित



लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि परिसर जाएंगे। इसके अलावा अमानीगंज जलकल परिसर, पुलिस कन्ट्रोल रूम, लता मंगेशकर चौक, नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन टेन्ट सिटी का भी सीएम योगी निरीक्षण करेंगे। अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को रामनगरी आएंगे। साल 2024 में मुख्यमंत्री का प्रथम आगमन भी अयोध्या के विकास को समर्पित रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीरामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भी समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि परिसर जाएंगे। इसके अलावा अमानीगंज जलकल परिसर, पुलिस कन्ट्रोल रूम, लता मंगेशकर चौक, नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन टेन्ट सिटी का भी सीएम योगी निरीक्षण करेंगे। आयुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री योगी दोपहर 2 बजे से विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, तत्पश्चात श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों व संतों के साथ भी बैठक करेंगे।

# नगर पालिका टांडा के अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम का नगर पालिका परिषद अस्पताल का दौरा

टांडा रामपुर, नगर पालिका टांडा के अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम ने नगर पालिका परिषद अस्पताल का दौरा किया।इस दौरान नगर पालिका परिषद् अस्पताल का विधिवत निरीक्षण किया। अस्पताल में पंजीकरण प्रक्रिया से लेकर दवा वितरण तक सभी विभाग का रजिस्टर का अवलोकन किया।अस्पताल में आए हुए मरीजों से भी अध्यक्षपति हाजी सरफाराज आलम ने बात की। इस दौरान अध्यक्षपति को मरीज अपने बीच पाकर काफी प्रसन्न दिखे! निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद अस्पताल के डायरेक्टर श्री शील कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे। बाद में अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम और श्री शील कुमार शुक्ला के बीच मीटिंग हुई। श्री शील कुमार शुक्ला ने मीटिंग में अस्पताल के गतिविधियों और मरीजो को किस तरह विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निरूशुल्क उपचार और निरूशुल्क दवाइयां दी जाती है , उसके बारे में विस्तार से अवगत कराया। शील कुमार शुक्ला ने अस्पताल के क्लिनिकल स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ ,मेनेजमेंट स्टाफ का परिचय कराते हुए यह भी बताया कि ये अस्पताल एकत्र एक मरीज का पूरा ख्याल उसी प्रकार रखता है जैसे वो किसी प्राइवेट अस्पताल में आए हो, डॉक्टर्स ध्यान से अपने मरीज को देखते व सुनते हैं और डॉक्टर्स द्वारा लिखी गई हर प्रकार की दवा निःशुल्क दी जाती है, उन्होंने ये भी बताया कि भविष्य में आई पी डी और ओ टी (ऑपरेशन थियेटर) की सुविधा शीघ्र ही शुरू की जायेगी और अस्पताल को प्रदेश में एक ऐसे माडल के रूप में विकसित किया जायेगा जिसमे न्यूनतम व्यय में अधिकतम एवम उत्कृष्ट सुविधा का प्राविधान है।

अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम अस्पताल में किए जा रहे कार्यों से संतुष्ट दिखे और जम कर सराहना भी की ।और उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में शीघ्र ही आई पी डी और ओ टी की शुरुवात के लिए हर संभव मदद की जाएगी और हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।



अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम अस्पताल का निरीक्षण किए और अस्पताल के डाक्टर और अन्य स्टाफ से भी बात की। अस्पताल द्वारा किए जा रहे कार्यों से संतुष्ट दिखे और जम कर सराहना भी की । उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में शीघ्र ही आई पी डी और ओ टी की शुरुवात के लिए हर संभव मदद की जाएगी और हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।



अस्पताल निरीक्षण के दौरान अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़ अस्पताल निदेशक श्री शील शुक्ला से बात करते हुए।



नगर पालिका अस्पताल में मरीज़ों की मदद का आश्वासन देते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल में निरीक्षण के दौरान अध्यक्षपति श्री हाज़ी सरफ़राज़ के साथ अस्पताल कर्मी जावेद कुरैशी।



"नगर पालिका अस्पताल की ओपीडी में सुधार कैसे हो?" विषय पर बात करते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाजी सरफ़राज़ एवं निदेशक शील शुक्ला.



नगर पालिका अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता की जाँच करते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल में डॉक्टर खेमेन्द्र से मरीज़ों की जानकारी लेते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल के फार्मेसी डिपार्टमेंट का निरक्षण करते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल में दवा वितरण प्रणाली की जाँच करते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल में डॉक्टर चेष्टा से महिला मरीज़ो की जानकारी लेते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाजी सरफ़राज़।



नगर पालिका परिषद अस्पताल में ओपीडी काउंटर पर सीधे जनता से मुख़ातिब होते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल में आये हुए मरीज़ों की समस्या को सुनते हुए अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़।



नगर पालिका अस्पताल में निरीक्षण के दौरान अध्यक्षपति महोदय श्री हाज़ी सरफ़राज़ के साथ सह प्रबंधक शिवानी शर्मा।

# संपादकीय

## राज्यसभा की जोड़–तोड़ में जुटे बड़े नेता

अगले तीन–चार महीने में राज्यसभा की 68 सीटें खाली हो रही हैं, जिनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 26 सांसद हैं। इसके बाद कांग्रेस के 11 सांसद रिटायर हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी के तीन और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के एक सांसद सबसे पहले रिटायर हो रहे हैं, जिनकी सीटों पर चुनाव की घोषणा हो गई है। आम आदमी पार्टी ने अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यू और बीजू जनता दल के दो–दो सांसद रिटायर हो रहे हैं तो समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन भी रिटायर हो रही हैं। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के चार सांसद रिटायर हो रहे हैं। तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति के तीन, वाईएसआर कांग्रेस के एक, टीडीपी के एक, एनसीपी व उद्धव ठाकरे गुट की शिव सेना के एक–एक सांसद भी रिटायर हो रहे हैं। इनके अलावा सीपीआई, सीपीएम और केरल कांग्रेस एम के एक–एक सांसद रिटायर होंगे। उनकी सीट जुलाई में खाली होगी। उसी समय मनोनीत श्रेणी की चार सीटें भी खाली होंगी।

इस साल रिटायर हो रहे राज्यसभा सांसदों में कई बड़े नेता शामिल हैं, जैसे हिमाचल प्रदेश की एक सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रिटायर हो रहे हैं। अभी राज्य में कांग्रेस की सरकार बन गई है इसलिए पार्टी को उनके लिए किसी दूसरे राज्य में नई सीट खोजनी होगी। हालांकि यह नड्डा का सिरदर्द नहीं है। पार्टी आलाकमान उनके लिए कोई न कोई सीट खोज ही देगा। इसी तरह एक और बड़े नेता कांग्रेस के अभिषेक सिंघवी हैं। पिछली बार वे पश्चिम बंगाल से राज्यसभा पहुंच गए थे। तब कांग्रेस के पास 40 से ज्यादा विधायक थे और ममता बनर्जी ने थोड़ी मदद कर दी थी। इस बार वहां कांग्रेस पार्टी जीरो पर है और ममता बनर्जी के साथ पार्टी की लड़ाई चल रही है। इसलिए सिंघवी का वहां से उच्च सदन में जाना संभव नहीं लगता है।

इसी तरह हाई प्रोफाइल केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की सीट भी खाली हो रही है। ओडिशा में ऐसी स्थिति नहीं है कि भाजपा उनको वहां से जीता सके। राज्य में तीन सीटें खाली हो रही हैं और एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के पास सिर्फ 22 सीटें हैं। इसलिए अश्विनी वैष्णव को नई सीट तलाशनी होगी। हालांकि उनको भी इसके लिए दिमाग लगाने की जरुरत नहीं है। पार्टी आलाकमान तय करेगा कि वे किसी दूसरे राज्य से खास कर अपने गृह राज्य राजस्थान से राज्यसभा में जाते हैं या ओडिशा की किसी सीट पर उनको लोकसभा का चुनाव लडने के लिए कहा जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी इस साल रिटायर हो रहे हैं। हालांकि उनकी सेहत ऐसी अच्छी नहीं है। वे राज्यसभा में मतदान के लिए व्हील चेयर पर लाए गए थे। इसलिए कांग्रेस राजस्थान से उनकी जगह किसी और को राज्यसभा में भेजेगी। हो सकता है कि अभिषेक सिंघवी को उनके गृह प्रदेश राजस्थान से राज्यसभा में भेजा जाए।

## प्रभु श्रीराम के नाम पर विकास

विकास किसी भी रूप में हो, वह आम जन के लिये हितकारी ही होता है। आज पूरी दुनिया की उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के एतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या के पुरातन वैभव व विकास कार्यों की चर्चा करते हुए रैली में यह कहा। उन्होंने कहा भारत की मिट्टी के कण–कण व जन–जन का मैं पुजारी हूं। 15 हजार 700 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर मोदी ने रामपथ, भक्ति पथ के निर्माण व सरयू नदी में गंदे पानी की आवक रोकने जैसी चातें भी कीं। वंदे भारत, नमो भारत व अमृत भारत ट्रेनों के संचालन की चर्चा करते हुए इस त्रिशक्ति ट्रेन को भारतीय रेल का कायाकल्प करने वाला बताया। उन्होंने बताया, तुलसीदास ने कहा था कि गरीब की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। इसलिए ये गरीब सेवा की भावना से शुरू की गई हैं। 34 वंदे भारत ट्रेनों में डेढ़ करोड़ यात्रियों द्वारा की गईं यात्राओं की चर्चा करते हुए मोदी ने यात्राओं व परिक्रमाओं को भगवान व आस्था से जोड़ते हुये कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अयोध्या नगरी को ध ान्यधान्य से परिपूर्ण व समृद्धि के शिखर पर आनंद से भरा हुआ वताया है। ज्यों– ज्यों लोक सभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, त्यों–त्यों राम मंदिर को लेकर भाजपा की रणनीति जोर–शोर से काम करती नजर आने लगी है। यही मुद्दा है, जिसने भाजपा को दो सीटों से सीधे केन्द्र तक पहुंचने का रास्ता बनाया। 14–22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों, धार्मिक स्थलों व तीर्थ स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने की बात कर मोदी गांव–गांव, कस्वों–छोटे शहरों आदि में रहने वाले देशवासियों को सीधा श्रीराम से जोडने का काम किया है। सरकार के इस प्रयोग पर तिलमिलाया विपक्ष अब तक इसकी कोई काट नहीं ढूंढ पाया है। वे मन्दिर को पूरे देश का कह रहे हैं और कभी भी वहां दर्शन के लिए जाने की बात कर अपनी आस्था सुनिश्चित कराने की कोशिशें भी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि सरकार बार–बार दोहराती है कि राम मन्दिर निर्माण राजनीति का विषय नहीं है और रामलला पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। यह न सिर्फ आस्था व विश्वास से जुड़ा मुद्दा है, चल्कि इसे लगातार भावनाओं से जोड़ा जाता रहा है। यह विशाल आयोजन निरूसंदेह भाजपा को बड़ा राजनीतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही किया जा रहा है। मगर इन व्यवस्थाओं के माध्यम से तथा इसे मिल रहे प्रचार से यहां भक्तों की आमद बढ़ेगी जिसका स्थानीय लोगोंध्बाजारों को लाभ मिलना तय है।

## मध्य वर्ग और क्रिमी भीड की दशा!

भारत में शिद्दत से अवसरों का तलाशता, छटपटाता एक छोटा सा मध्यवर्ग है। इसमें वे लोग हैजो सरकारी नौकरी में है या पेंशन पाते है या संगठित क्षेत्र की निजी नौकरी में है या ठीक–ठाक व्यापार कर रहा है। लेकिन इनके लिए अवसर लगातार सिमटते हुए हैं। तभी मध्य वर्ग की आबादी का एक हिस्सा किसी तरह से अमेरिका या दुनिया के किसी दूसरे सभ्य देश में वैध या अवैध रूप से घुसने की कोशिश में है। पिछले दिनों तीन सौ भारतीयों को लेकर निकारागुआ जा रहा एक विमान फ्रांस ने रोक लिया था और जांच के बाद वहीं से लौटा दिया था। यह विमान श्डंकी रूट्य का हिस्सा था, जिसके जरिए लोग अवैध तरीके से मेक्सिको और उसके बाद अमेरिका या कनाडा में घुसते हैं। उस विमान में 70 फीसदी लोग पंजाब के और 30 फीसदी गुजरात के थे। सोचें, देश के दो अपेक्षाकृ त अधिक सम्पन्न राज्य के लोग कितने बेचौन हैं? किसी भी तरह से ये किसी सभ्य व विकसित या किसी भी तरह विदेश में जाने के लिए छटपटाता हुआ है। इस खबर के बाद पता चला कि पिछले दिनों दुबई से तीन विमान निकारागुआ गए। उनमें भी बड़ी संख्या में भारतीय सवार थे। अमेरिका में 30 लाख भारतीय हैं।

# राम मंदिर को कोई अपनी निजी संपत्ति न समझे



सीताराम येचुरी ने कहा कि उनसे कोई पूछे राम गए कहां थे? राम तो वहीं हैं। चलिए मैं भाजपाईयों के ही शब्द दोहराता हूं, टेंट में बसने वाले राम भगवान कहां हैं, उन्हें ही गर्भ गृह में क्यों विराजमान नहीं करवाया जा रहा। क्यों उनकी जगह दूसरी नव–निर्मित मूर्तियों को कहीं दूसरी जगहों से मंगवाया जा रहा है।अरामनगरी अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के लिए देश के विभिन्न विपक्षी सियासी दलों को भेजे गए निमंत्रण को कई नेताओं ने ठुकरा दिया है। उनका तर्क है कि ये धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भाजपा का वोट हथियाने वाला 'शक्ति प्रदर्शन' है। सीपीआई महासचिव सीताराम येचुरी को भी निमंत्रण मिला है, लेकिन वह नहीं जाएंगे? क्यों नहीं जाएंगे, इसको लेकर पत्रकार डॉ. रमेश ठाकुर ने उन कारणों का जानना चाहा। पेश हैं बातचीत के मुख्य हिस्से–उत्तर– भगवान राम सभी के कण–कण में बसे हैं। उनके प्रति जिनकी भी आस्था होगी, वो बिना निमंत्रण के भी खुद खिंचा चला जाएगा। लेकिन राजनीतिक उत्सव करके अगर कोई सियासी दल किसी को निमंत्रण देकर बुलाता है तो मुझे क्या, किसी को भी नहीं जाना चाहिए। मुझे लगता है कि किसी राजनीतिक दल या हुकूमत का प्रत्येक धार्मिक मान्यताओं और हर व्यक्ति के विश्वास को आगे बढ़ाने पर ध्यान होना चाहिए। मैं पहले भी कह चुका हूं कि ध र्म हर इंसान का निजी पसंद का मामला होता है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जांना चाहिए। दुख इस बात का है कि ऐसा किया जा रहा है। रही बात मेरे इंकार करने की, तो मेरा मन जब भी कहेगा, मैं अयोध्या जाउंगा। मेरी प्रभु राम के प्रति सदैव अटूट आस्था रही है, मेरा नाम भी राम और जानकी के नाम पर है 'सीताराम'। उत्तर– वजह पानी की तरह साफ है। भाजपा इस वर्ष के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर ये सब कर रही है। धर्म–धार्मिक मुद्दे उनके लिए हमेशा से राजनीतिक हथियार रहे हैं। उनको पता है, इन मुद्दों पर अगर कोई बोलेगा, तो उसे देश विरोधी या भगवान विरोधी करार देकर खुद को भगवान भक्त प्रचारित कर देंगे। राम मंदिर को लेकर भी भाजपा कुछ ऐसा ही प्रचार–प्रसार करने में लगी है। जो लोग उनके निमंत्रण पर अयोध्या नहीं पहुंच रहे हैं, उनको भगवान राम का विरोधी भी बताने लगे हैं। जहां तक मुझे लगता है, भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव राम मंदिर के नाम पर ही लड़ने वाली है। क्योंकि इसके सिवाए उनके पास कोई दूसरे मुद्दे हैं ही नहीं? सभी जरूरी मुद्दों पर वह पहले ही विफल हो चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी आदि मसलों पर वो बात ही नहीं करते। प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर भाजपा ने पूरे देश को अच्छे से उलझा रखा है। प्रश्नः भाजपा का कहना है कि वो अपने प्रयासों से ही राम को लेकर आ रहे हैं? उत्तर– उनसे कोई पूछे राम गए कहां थे? राम तो वहीं हैं। चलिए मैं भाजपाईयों के ही शब्द दोहराता हूं, टेंट में बसने वाले राम भगवान कहां हैं, उन्हें ही गर्भ गृह में क्यों विराजमान नहीं करवाया जा रहा। क्यों उनकी जगह दूसरी नव–निर्मित मूर्तियों को कहीं दूसरी जगहों से मंगवाया जा रहा है। देखिए, भाजपा आस्था के नाम पर राम भक्तों की आंखों में धूल झोंक रही है और कुछ नहीं? ऐसे–ऐसे लच्छेदार शब्द प्रयोग हो रहे हैं जिनको सुनकर भी हंसी आती है। कोई उनसे पूछे 'प्राण प्रतिष्ठा' का मतलब क्या होता है। क्या कोई 22 जनवरी को अयोध्या में अपने प्राणों की प्रतिष्ठा लगाने वाला है? वैसे, भी अधबने मंदिर का उद्घाटन करने का कोई तुक नहीं बनता। कोई आवाज उठाने वाला नहीं बचा, उन्हें जो अच्छा लग रहा है वो करते जा रहे हैं। जबकि, देश के कई संत इस तारीख के विरोध में हैं। ये तिथि उचित नहीं बताई गई है मंदिर उद्घाटन की। प्रश्नः विपक्षी नेता इस धार्मिक कार्यक्रम को भाजपा का शक्ति प्रदर्शन बता रहे हैं? उत्तर– बताना क्या है? है ही भाजपा का कार्यक्रम? ये जगजाहिर है भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है। तभी, उन्होंने धार्मिक समारोह को सरकारी कार्यक्रम में तब्दील कर डाला। संवैधानिक रूप से भी ये सरासर गलत है। संविध ान में स्पष्ट है कि शासन स्तर पर कोई धार्मिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार संविधान के तय नियमों का भी खुलेआम उल्लंघन कर रही है। उन्हें वास्तव में राम भगवान से इतना लगाव है तो ये कार्य 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के पदाधिकारियों पर छोड़ना चाहिए था। खुद को अलग रखते। लेकिन यहां तो सबकुछ उल्टा ही हो रहा है। प्रभुराम के लिए उचित स्थान की लड़ाई लड़ने वालों को प्रधानमंत्री ने एक–एक करके किनारे लगा दिया। उत्तर– उनकी करनी और कथनी में बहुत अंतर होता है। राम मंदिर निर्माण के लिए लड़ने वालों की भाजपा में लंबी फेहरिस्त है। वो लोग जिन्होंने वास्तव में सच्चे दिल से चाहा, कि प्रभु राम टैंट से निकलें और अपने उचित स्थान पर विराजमान हों। आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी से लेकर उमा भारती, मुरली मनोहर जोशी, प्रवीण तोगड़िया, बाला साहेब जैसे अनगिनत नाम हैं। अयोध्या पहुंचने के लिए लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को तो साफ मना ही कर दिया गया है। ये निर्णय निश्चित रूप से अस्वीकार्य है। इससे कई भाजपा नेता भी अंदरखाने बेहद नाराज हैं। लेकिन बात वहीं पर आकर टिक जाती है कि मोदी–शाह के फैसले के आगे आखिर बोले कौन?

## योगी पर दिल्ली से दबाव बनवाने वाला दांव कहीं राजभर का काम ना बिगाड़ दे

ओपी राजभर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। राजभर ने कहा कि हमने अमित शाह जी से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार में इतना विलंब क्यों हो रहा है तो उन्होंने खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठबंध ान का हिस्सा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती है। यह सुर्खियां खासकर इस बात को लेकर बनती हैं कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर योगी मंत्रिमंडल का कब हिस्सा बनेंगे? इसको लेकर लम्बे समय से अटकले भी लग रही हैं, लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सपा छोड़कर भाजपा में आये दारा सिंह चौहान के मंत्री बनने की तमन्ना पूरी नहीं हो पा रही है। मंत्री बनने के लिए राजभर कुछ ज्यादा बेचौन दिख रहे हैं। योगी से कई बार मुलाकात के बाद भी जब राजभर के मंत्री बनने की राह नहीं खुली तो उन्होंने दिल्ली के दरबार में दस्तक देना शुरू कर दिया है।

# साल 2024 में भारत की कूटनीतिक चुनौतियां

सत्येन्द्र रंजन

दुनिया में प्रासंगिक समूह अब जी–7 और ब्रिक्स प्लस–एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन)–ईएईयू (यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन) हैं। ब्रिक्स प्लस, एससीओ और ईएईयू में तालमेल लगातार बढ़ रहा है। इससे इनकी एक साझा पहचान उभर रही है। ज..ब्रिक्स में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के आवेदन को रूस पूरा समर्थन दे रहा है। चीन और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों का समर्थन भी उसे मिलने की संभावना है। ऐसे में भारत क्या रुख अपनाता है, इससे 2024 में ब्रिक्स के साथ भारत के रिश्तों पर असर पड़ सकता है। 2024 में ब्रिक्स की मेजबानी रूस करेगा।ज.

अगर अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में साल 2023 का लेखा–जोखा लें, तो भारत के लिए इस वर्ष का सर्वोच्च बिंदु जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा रही। साढ़े नौ वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से अपनी विदेश नीति में अमेरिकी धुरी से निकटता बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। जून में हुई राजकीय यात्रा का निहितार्थ यह रहा कि इस दिशा में भारत सरकार ने अपेक्षित प्रगति की है। यह धारणा बनी कि अब हर व्यावहारिक अर्थ में भारत अमेरिकी खेमे का देश बन गया है।

इस वर्ष मोदी सरकार की दूसरी बड़ी कूटनीतिक सफलता जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान साझा घोषणापत्र पर आम सहमति बना लेना रही । तमाम अनुमान यही थे कि जी–7 और रूस–चीन खेमे में बढ़ते टकराव के कारण ऐसा करना संभव नहीं होगा। लेकिन भारत सरकार ने अपने कूटनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर पश्चिमी देशों को साझा घोषणापत्र में यूक्रेन युद्ध का उल्लेख ना करने पर राजी कर लिया। शिखर सम्मेलन से ठीक पहले तक अमेरिका और उसके साथी देश साझा घोषणापत्र में यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की दो टूक निंदा शामिल करवाने पर अड़े नजर आ रहे थे।

उधर रूस के साथ–साथ चीन भी इसके लिए तैयार नहीं था। मौजूदा भू–राजनीति के बीच यह ऐसी खाई है, जिसे पाटना आसान नहीं था। लेकिन करिश्माई ढंग से मोदी सरकार पश्चिमी देशों को झुकाने में सफल हो गई। नतीजा हुआ कि नई दिल्ली घोषणापत्र जारी हुआ। वैसे भारत में प्रचारित आम कथानक में जी–20 की मेजबानी करने को ही बड़ी सफलता बताया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि भारत को यह मेजबानी रोटेशन के आधार पर मिली। भारत इस समूह का सदस्य है, तो इसकी शिखर बैठक की मेजबानी का मौका मिलना एक स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा है। इसलिए इसे वर्तमान सरकार की सफलता बताना यथार्थ को तोड़–मरोड़ कर पेश करना है।

वैसे भी यह समूह अब अपनी प्रासंगिकता खो रहा है– या कहें काफी हद तक खो चुका है। दो खेमों में बंटती दुनिया के बीच इस समूह के अंदर कोई प्रभावी सहमति बनना या वैश्विक समस्याओं के हल के लिए इस समूह की तरफ से कोई सार्थक हस्तक्षेप हो पाना लगातार कठिन होता जा रहा है।

दुनिया में प्रासंगिक समूह अब जी–7 और ब्रिक्स प्लस–एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन)–ईएईयू (यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन) हैं। ब्रिक्स प्लस, एससीओ और ईएईयू में तालमेल लगातार बढ़ रहा है। इससे इनकी एक साझा पहचान उभर रही है। इस लिहाज से 2023 में भारत के लिए एक बड़ा मौका एससीओ की मेजबानी का भी था। लेकिन जुलाई में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन का ऑनलाइन आयोजन करने का एकतरफा फैसला कर भारत ने इसमें अपनी घटती दिलचस्पी का संकेत दिया। या कम–से–कम यह संकेत तो जरूर दिया कि उसकी नजर में यह समूह उतना अहम नहीं है, जितना जी–20 है। स्पष्टतरू इसे गलत जगह दांव लगाने की एक मिसाल माना जाएगा। भारत के इस नजरिए का नतीजा यह हुआ कि एससीओ शिखर बैठक के बाद जारी हुए साझा घोषणापत्र में भारत की भावनाओं का ख्याल नहीं किया गया। उसमें चीन के बहुचर्चित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की सराहना की गई। चूंकि भारत को इस पर एतराज था, इसलिए यह दर्ज कर लिया गया कि जो बात कही गई है, उससे भारत असहमत है। मगर यह गौरतलब है कि बीआरआई के पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर से गुजरने के कारण इससे भारत की बुनियादी आपत्ति है।

उधर एससीओ में जो हुआ, उससे इस वर्ष अगस्त में आयोजित हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के संभावित रुख को लेकर संदेह और सघन हो गए थे। लेकिन ऐसे अनुमान दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान निराधार साबित हुए। प्रध ानमंत्री मोदी जोहानेसबर्ग गए। वहां उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार और ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच भुगतान की डॉलर मुक्त व्यवस्था बनाने के प्रस्तावों को अपना पूरा समर्थन दिया। जबकि इसके पहले तक कयास थे कि भारत का इन बिंदुओं पर बाकी ब्रिक्स देशों से मतभेद है।

इसके बाद सितंबर में जी–20 का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ। हालांकि कूटनीति विशेषज्ञों की नजर में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के ना आने से इस से इस सम्मेलन की कुछ चमक कम हो गई थी, लेकिन भारतीय आवाम–खासकर अपने समर्थक तबकों के बीच मोदी सरकार इसकी मेजबानी को अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करने में कामयाब रही। चूंकि औपनिवेशिक और साम्राज्यवादी प्रभाव के कारण आम भारतीय मानस में पश्चिमी देशों को श्रेष्ठ मानने का एक खास खास भाव बैठा हुआ है, इसलिए अमेरिका, ब्रिटेन आदि जैसे देशों के नेताओं की एक साथ उपस्थिति को मोदी राज में कथित रूप से भारत के बढ़ते प्रभाव के रूप में पेश करना सत्ता पक्ष के लिए आसान हो गया।

लेकिन इस सम्मेलन की समाप्ति के हफ्ते भर के अंदर उन्हीं पश्चिमी देशों से भारत की प्रतिष्ठा पर अभूतपूर्व प्रहार हुआ। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने अपनी संसद में खड़े होकर भारत पर आरोप लगाया कि भारत सरकार कनाडाई धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या कराने में शामिल है। वह कनाडाई नागरिक खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर था, जिसका नाम भारत में वांछित अपराधियों की लिस्ट में था। अमेरिका ने तुरंत यह स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में वह कनाडा के साथ है। इस प्रकरण में एक के बाद एक आई खबरों ने भारत की बनी कथित प्रतिष्ठा पर गहरी छाया डाल दी। कनाडा के आरोप का मतलब है–' भारत एक उच्छृंखल देश है, जो अंतरराष्ट्रीय कायदों को नहीं मानता और दूसरे देशों में हत्या कराने जैसे कार्यों में शामिल होता है।

कनाडा ने इस बारे में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं। लेकिन अमेरिका में एक ऐसे ही मामले में अभियोग दायर कर दिया गया है। उस मामले में इल्जाम है कि एक भारतीय अधिकारी ने अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता रखने वाले खालिस्तानी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या कराने की योजना बनाई, जिसके लिए एक आपराधिक छवि के व्यक्ति (निखिल गुप्ता) को राजी किया गया, और गुप्ता ने इसके लिए सुपारी अमेरिका में एक ऐसे व्यक्ति को दी, जो अमेरिकी जांच एजेंसियों का जासूस निकला। भारत सरकार ने इस आरोप की जांच कराने का एलान किया है।

मगर कनाडा और अमेरिका के आरोपों पर अलग–अलग रुख अपनाने से भारत सरकार के नजरिए पर सवाल उठे हैं। कनाडा के मामले में भारत सरकार की प्रतिक्रिया आक्रामक रही। लेकिन अमेरिका के मामले में प्रतिक्रिया बिल्कुल उलटी नजर आई। इससे यह सवाल उठा कि क्या यह अंतर दोनों देशों की ताकत में अंतर को देखते हुए है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि कनाडा ने कोई सबूत नहीं दिया, जबकि अमेरिका ने दिया है, इसलिए रुख में यह अंतर है। लेकिन ये बात आसानी से गले नहीं उतरती। इस प्रकरण ने जी–20 शिखर सम्मेलन की श्सफलत्य मेजबानी के आधार पर बनाए गए माहौल को काफी हद तक धूमिल कर दिया। वैसे भी जी–20 की श्सफलत्य मेजबानी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के प्रभाव की सीमित झलक ही थी। पूर्व राजनयिक विवेक काटजू ने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में इस पहलू का सटीक वर्णन किया। उन्होंने लिखा– श्चूंकि भारत अपने को ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) के नेता के रूप में पेश कर रहा है, इसलिए उसे घटनाओं के प्रति सचेत रहना चाहिए– ऐसी घटनाएं जो अनिवार्य रूप से हाई टेबल पर नहीं होतीं।य उन्होंने लिखा– श्देशों के बारे में राय सिर्फ उनके बड़े कदमों से नहीं बनती है, बल्कि उनके नागरिकों से संबंधित छोटे मामलों से या कानूनों को तोडने जैसी घटनाओं से भी बनती है। अक्सर उनके बारे में राय ऐसे मामलों से भी उतनी ही निर्धारित होती है, जितनी बड़े तेवरों और स्पष्ट वक्तव्यों से बनती है।

## अच्छी टेक्नोल जी सनराइज व सनसेट के बीच ब्रिज जैसी होनी चाहिए

इस शनिवार को मैं दुबई में अपने दोस्त के घर सुबह की कॉफी पी रहा था। मैंने अपने मित्र कृष्णन की पत्नी लक्ष्मी को उनकी मां से बात करते हुए सुना कि अपने हाल ही में प्राप्त पासपोर्ट की स्कैन की गई प्रतियां कैसे भेजें, ताकि उन्हें यात्रा वीजा स्वीकृत कराने के लिए अपलोड किया जा सके।

केरल के कुमारपुरम् गांव के दूसरे छोर पर रहने वालीं वे बुजुर्ग महिला शायद ही मोबाइल से स्कैन करने और तस्वीर लेने का अंतर समझती थीं। मोबाइल के जरिए हमारे जीवन में घुसपैठ कर चुकी तकनीकी के कारण फोटोकॉपी की अधिकांश दुकानें और एसटीडी बूथ अब बंद हो गए हैं।

वे अपनी कठिनाई समझा रही थीं कि उन्हें पासपोर्ट स्कैन कराने के लिए गांव के ही किसी व्यक्ति को ढूंढना होगा। कुमारपुरम्– जहां के हर घर से कम से कम दो लोग खाड़ी देशों में गए हैं– में एसटीडी और फोटोकॉपी का व्यवसाय पहले बहुत फलता–फूलता था, लेकिन पिछले दस वर्षों में ये सुविधाएं दुर्लभ होती चली गई हैं। क्योंकि हमारे हाथ में मोबाइल आ गया है।

इसने मुझे इस गांव से 300 किमी दूर एलिकुलम नामक एक अन्य गांव की याद दिलाई, जो देश का पहला ऐसा पंचायत स्तर का ग्राम बन गया है, जिसके पंचायत कार्यालय में जनता के स्वागत के लिए रोबोट तैनात है। अगली बार जब आप एलिकुलम पंचायत कार्यालय जाएंगे तो एलिना हाथ जोड़कर आपका स्वागत करेगी और मुस्कराते हुए गर्मजोशी से नमस्कारम् कहेगी। एलिना मलयालम बोलती है और उसके सामने एक टच स्क्रीन है, जिसकी मदद से लोग अपनी इच्छित सेवाएं चुन सकते हैं। उनके द्वारा सेवा का चयन करने के बाद एलिना उन्हें उसके और उस काउंटर के बारे में जानकारी देती है, जहां से वे वह सेवा प्राप्त कर सकते हैं। पंचायत आने वाले लोग विभिन्न मुद्दों को लेकर आते हैं।

समय के साथ एलिना को लक्ष्मी की मां के सामने उपस्थित हुई समस्या जैसे पेचीदा मुद्दों को समझने के लिए अपग्रेड किया जा रहा है। एलिना को स्थानीय सेंटगिट्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की प्रोजेक्ट टीम द्वारा विकसित किया गया था।

जब ग्राम पंचायत एक रोबोट के लिए 18 लाख रुपए की लागत का वहन नहीं कर सकी, तो ये छात्र आगे बढ़े और 3.5 लाख रुपयों में एलिना का निर्माण कर दिया। वह अब भी ट्रायल रन पर है, क्योंकि भविष्य में उसके माध्यम से जनता को कई और सेवाएं प्रदान करने की गुंजाइश है– खासकर उनके लिए जो जीवन की संध्यावेला में हैं।

जो लोग वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष) और अति वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष या उससे अधिक) की श्रेणी में आते हैं, उनके लिए बैंक की कतार में खड़े होकर पासबुक अपडेट कराने जैसी गतिविधियां ऐसा काम हैं, जिसका वे आनंद लेते हैं। ऐसी छोटी–मोटी चीजें करके– जिन्हें युवा पीढ़ी अपने मोबाइल फोन से ही कर देती है– वे खुद को परिवार के लिए उपयोगी महसूस करते हैं।

किसी बुजुर्ग से यह सरल–सी गतिविधि छीन लें और देखें कि वह कितना उदास हो जाएगा। मुझे लगता है, एलिना को बैंक में मुस्कराते हुए चेहरे के साथ पासबुक प्रिंट करने में मदद करनी चाहिए, बनिस्बत हमेशा नाराज नजर आने वाले उस क्लर्क के जो भले ही पान चबा रहा हो, लेकिन हाव–भाव से ऐसा जताता है, जैसे उस पर काम का बहुत दबाव हो। टेक्नोलॉजी विकसित करने वाले युवाओं को केवल अपनी सुविधा पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, बल्कि बुजुर्ग आबादी की भावनाओं पर भी ध्यान देना चाहिए। युवाओं की सुविधा और बुजुर्गों की भावनाओं के बीच तालमेल बनाने की जरूरत है।

फंडा यह है कि टेक्नोलॉजी में किसी भी नए आविष्कार का उत्सव हमेशा ही युवा आबादी की सनराइज–स्टोरी की तरह नहीं मनाया जा सकता, क्योंकि ऐसे असंख्य लोग हैं जो अपने जीवन की संध्यावेला में हैं। टेक्नोलॉजी को लोगों के जीवन के सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच एक पुल बनाना चाहिए।

# पूर्व क्रिकेटर ने भारतीय सेलेक्शन पर उठाए सवाल, पूछा– शिवम दुबे को मौका लेकिन ईशान किशन कहां है?



बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्कॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इसी कड़ी में आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के स्क्वॉड में नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया के स्कॉड का ऐलान कर दिया है। एक साल बाद कप्तान रोहित शर्मा की टी20 क्रिकेट में वापसी हुई है। विराट कोहली भी वापस आए हैं। दोनों ने एक साल पहले यानी साल 2022 के नवंबर में आखिरी टी20 मैच खेला था। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 स्क्वॉड में कई बदलाव देखने को मिले हैं, कई खिलाड़ियों को आराम मिला है तो कुछ की वापसी देखने को मिली है। लेकिन इसी कड़ी में पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने टीम सेलेक्टर पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए श्रेयस अय्यर के स्क्वॉड में नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि, श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए उपकप्तान के रूप में नामांकित किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के खिाफ भी टीम का हिस्सा थे, अब अफगानिस्तान के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली? साथ ही आकाश चोपड़ा ने शिवम दुबे के स्क्वॉड में होने को लेकर कहा कि वह अंदर क्यों हो रहे हैं। उन्होंने लिखा कि, शिवम दुबे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर टीम में थे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चुने नहीं गए थे। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 स्क्वॉड में उनकी वापसी? पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने ईशान किशन के टीम में नहीं होने पर सवाल किया है। बता दें कि, ईशान किशन को साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चुना गया था लेकिन जितेश शर्मा को प्लेइंग 11 में जगह दी गई। ईशान किशन ने अचानक साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लिया। खबरों में इसके पीछे कारण सामने आया कि वह लगातार ट्रेवल के कारण थकान महसूस कर रहे हैं और आराम करना चाहते हैं। आकाश चोपड़ा ने ट्वीट में ईशान किशन को लेकर लिखा, इसके अलावा ईशान किशन कहां हैं? उसकी उपलब्धता पर कोई खबर? रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

# टेस्ट से पहले पुजारा के बचाव में उतरे कैफ, कहा– चयनकर्ता कुछ भी सोचें, वो रन बनाते रहते हैं



चेतेश्वर पुजारा के घरेलू सीजन में रन बरसाने के बाद आगामी सीरीज में उनकी उपस्थिति को लेकर चर्चाएं शुरु हो गई हैं। इस बीच भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पुजारा को पिछले समय से टीम में शामिल न करने पर कटाक्ष किया है। कैफ ने पुजारा का बचाव करते हुए कहा चयनकर्ता जो भी सोचें वह रन बनाते रहते हैं।भारतीय टेस्ट टीम से दूर चल रहे चेतेश्वर पुजारा के घरेलू सीजन में रन बरसाने के बाद आगामी सीरीज में उनकी उपस्थिति को लेकर चर्चाएं शुरु हो गई हैं। इस बीच भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पुजारा को पिछले समय से टीम में शामिल न करने पर कटाक्ष किया है। कैफ ने पुजारा का बचाव करते हुए कहा चयनकर्ता जो भी सोचें वह रन बनाते रहते हैं। पिछले साल वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में भारत का असफलता के बाद से ही चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे दो ऐसे नाम हैं, जो भारतीय सफेद जर्सी में दोबारा नहीं देखे गए हैं। हाल ही में पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में अपनी घातक फॉर्म का परिचय दिया है। जिसके बाद मोहम्मद कैफ ने ट्वीट करते हुए पुजारा का पूरी तरह से समर्थन किया। कैफ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि भले ही चयनकर्ता उनके बारे में कुछ भी सोचते हों, पुजारा रन बनाते रहते हैं। उनकी प्रतिबद्धता ये गेम खेलने वाले सभी युवाओं के लिए एक सबक होनी चाहिए। ढ भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के बाद इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज में प्रतिभाग करना है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम जनवरी के आखिर में भारत दौरे पर होगी। 25 जनवरी से शुरु होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारत ने फिलहाल टीम की घोषणा नहीं की है।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा भारत



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1–1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चौंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1–1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चौंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाओं में से केवल एक में जीत दर्ज की है जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने एकमात्र श्रृंखला 2015–16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी और इस टीम के खिलाफ उसकी उपलब्धियों में यह शीर्ष पर है। भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड नौ विकेट से हराया था लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। भारतीय कप्तान सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही है। वह पिछली 11 पारियों में सात बार दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रही हैं। दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत को जीत दिलाने में नाकाम रहीं। उन्होंने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरुआती दो विकेट भी चटकाए लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी थी। शुरुआती दो टी20 मुकाबलों की पिच पर बल्लेबाजों को स्वच्छंद होकर खेलने का मौका नहीं मिला है विशेषकर पहली पारी में जिससे गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। रविवार को दूसरे टी20 में मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा, ''यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है।'' दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी। उन्होंने कहा, ''यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। गेंद टर्न के साथ–साथ (पिच पर टप्पा खाने के बाद) धीमी रह रही थी। मुझे लगता है कि हमने लगभग 15 रन कम बनाए।''टीम इस प्रकार हैं भारतरू हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि। ऑस्ट्रेलियारू डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम।

# साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। हेनरिक ने भारत के खिलाफ रांची में अक्टूबर 2019 में टेस्ट डेब्यू किया था।डीन एल्गर के बाद साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। हेनरिक ने भारत के खिलाफ रांची में अक्टूबर 2019 में टेस्ट डेब्यू किया था। करीब 4 साल बाद उन्होंने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। हेनरिक क्लासेन ने अपने टेस्ट से रिटायरमेंट की घोषणा सोशल मीडिया के माध्यम से की। उन्होंने एक पोस्ट करते हुए लिखा कि कुछ रातों की नींद खराब करने के बाद ये सोचा है कि मैं सही निर्णय ले रहा हूं, मैंने रेड–बॉल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। ये एक मुश्किल फैसला है, जो मैंने लिया है। क्योंकि ये खेल का मेरा अब तक का पसंदीदा फॉर्मेट है। मैदान के अंदर और बाहर जिन लड़ाइयों का सामना मैंने किया है, उन्होंने ही मुझे आज क्रिकेटर बनाया है। ये एक शानदार यात्रा रही है और मझे खुशी है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सका। 32 वर्षीय क्लासेन ने 2019 और 2023 के बीच साउथ अफ्रीका के लिए चार मैचों में खेलने के बाद लाल गेंद फॉर्मेट से दूर हो गए हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ भारत में ही खेली गई सीरीज के साथ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में देश का प्रतिनिधित्व किया और पिछले समर सीजन में वे दो मैचों में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले। हालांकि, उनका प्रदर्शन इन मैचों में अच्छा नहीं रहा और इस कारण से उनको साउथ अफ्रीका की टेस्ट टीम से साइडलाइन कर दिया गया। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि हेनरिक को लाल गेंद का अनुभव नहीं है। उन्होंने 85 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिनमें 46 से ज्यादा के औसत से कुल 5347 रन बनाए हैं। उन्होंने 12 शतक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जड़े हैं। उनका बेस्ट स्कोर इस फॉर्मेट में 292 रन है, जब उन्होंने 4 डे सीरीज में बनाया था। क्रिकेट साउथ अफ्रीका को अपने रिटायरमेंट के बारे में बताते हुए क्लासेन ने कहा है कि कई रातों तक सोचने के बाद मैं इस नतीजों पर पहुंचा कि मुझे टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देना चाहिए।

# सूर्यकुमार यादव के खेलने पर सस्पेंस, सर्जरी के लिए जर्मनी जाएंगे




सूर्यकुमार यादव को स्पोर्ट्स हार्निया है और उसके इलाज के लिए उन्हें जर्मनी भेजा जा रहा है। इस बीच सूर्यकुमार मुंबई के लिए घरेलू मुकाबलों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इन दिनों वह बेंगलुरू में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब में रह रहे हैं।सूर्यकुमार यादव की चोट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मुंबई इंडियंस के घातक बल्लेबाज को सर्जरी कराने के लिए विदेश भेजा जा रहा है। ऐसे में आईपीएल 2024 में उनकी उपस्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, उनकी रिकवरी के लिए दिया गया समय भी सामने आ गया है। दुनिया के टॉप टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को स्पोर्ट्स हार्निया है और उसके इलाज के लिए उन्हें जर्मनी भेजा जा रहा है। इस बीच सूर्यकुमार मुंबई के लिए घरेलू मुकाबलों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इन दिनों वह बेंगलुरू में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब में रह रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया को बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि, स्काई को हाल ही में स्पोर्ट्स हार्निया का पता चला था। वह मौजूदा समय में एनसीए में हैं। दो–तीन दिन में वह इसका ऑपरेशन कराने के लिए जर्मनी के म्यूनिख के लिए उड़ान भरेंगे। इसका मतलब है कि वह निश्चित रूप से इस सीजन रणजी ट्रॉफी में नहीं

# सिर्फ चार हफ्तों तक चलेगी, टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हो

एसए20 लीग के आयुक्त स्मिथ ने पीटीआई से कहा, ''एसए 20 साल में चार हफ्ते की है और निश्चित तौर पर एक या दो चुनौतियां होंगी और यह आदर्श नहीं है। इसे हर सत्र में बेहतर से बेहतर होना चाहिए। ''पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने रविवार को कहा कि एसए20 के लिए केवल चार हफ्ते की विंडो है और दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट क्रिकेट इसके साथ सिर्फ सह अस्तित्व में ही नहीं रह सकता बल्कि पूरे साल खेला जा सकता है।क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) 'अनकैप्ड' (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) नील ब्रांड की अगुआई में दूसरी दर्जे की टेस्ट टीम न्यूजीलैंड भेज रहा है क्योंकि इस दौरे की तारीख एसए20 के दूसरे सत्र के साथ पड़ रही हैं।एसए20 की सभी छह फ्रेंचाइजी आईपीएल टीम के मालिकों की हैं। क्या एसए20 और दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट टीम सह अस्तित्व में रह सकती हैं? इस पर एसए20 लीग के आयुक्त स्मिथ ने पीटीआई से कहा, ''एसए 20 साल में चार हफ्ते की है और निश्चित तौर पर एक या दो चुनौतियां होंगी और यह आदर्श नहीं है। इसे हर सत्र में बेहतर से बेहतर होना चाहिए। '' उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट ने प्रतिबद्धता दी है कि एसए20 इसके भविष्य का बड़ा हिस्सा है और इसे सफलता के लिए सर्वश्रेष्ठ मौका देता है। मेरा मानना है कि साल के सिर्फ चार हफ्ते ही इसमें चाहिए और टेस्ट क्रिकेट खेलने का काफी मौका होगा। '

# किताबें उठाते ही आती है नींद तो ट्राई करें ये टिप्स, कभी नहीं महसूस होगी सुस्ती



पढने के दौरान कई बार किताबें उठाते ही क्या आपके बच्चे को भी नींद आने लगती है. बच्चों ही नहीं बड़ों के साथ भी ये समस्या देखने को मिलती है. चाहकर भी वे पढ़ नहीं पाते हैं. अगर आपके या आपके जानने वाले किसी के साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो जानें इसका कारण और कैसे इस परेशानी से बच सकते हैं...

किताबें उठाते ही क्यों आती है नींद

दरअसल, जब हम पढ़ाई करते हैं तो आंखों से जुड़े मसल्स पर प्रेशर पडने लगता है. हमारा ब्रेन पढ़ी हुई चीजों को याद कर उसे कलेक्ट करता रहता है. जब आंखों के मसल्स थक जाते हैं या स्लो काम करने लगते हैं तो नींद आने लगती है. कई बार पढने के दौरान हमारे बैठे का तरीका भी गलत होने पर नींद आ सकती है. यह बिल्कुल वैसा ही होता है, जैसे सफर के दौरान बस या ट्रेन में बैठे–बैठे ही हम सो जाते हैं. इसलिए पढ़ाई के दौरान बॉडी पोस्चर को इस तरह रखना चाहिए, जिससे उसे न ज्यादा आराम महसूस हो और ना ही ज्यादा सुस्ती लगे. पढ़ाई करते हुए आए नींद तो जानें क्या करें 1. अंधेरे में पढ़ाई न करें जब भी आप पढ़ाई करने बैठे तो ऐसी जगह चुनें जहां पर्याप्त रोशनी हो. इससे आंखों पर कम प्रभाव पड़ेगा और कम रोशनी वाली जगह बैठने से भी बच जाएंगे.अंधेरे में पढ़ाई करने पर नींद आने लगती है.

2. ओपन स्पेस में ही पढ़ें खुली जगहों जैसे छत या बालकनी में हवा और रोशनी काफी अच्छी आती है. इसलिए ऐसी जगहों पर पढ़ाई करना चाहिए. इससे सुस्ती कम महसूस होगी और नींद भी नहीं आएगी. इसका फायदा आंखों को भी होगा. 3. कभी भी बिस्तर पर न पढ़ें

कुछ लोग बिस्तर पर बैठकर पढ़ाई करते हैं. ऐसा करने से आलस और सुस्ती महसूस होती है. जिससे पढने में बिल्कुल भी मन नहीं लगेगा. इसलिए जब भी पढ़ाई करें तो टेबल और कुर्सी पर करें. इससे नींद से बच जाएंगे.

4. पढ़ाई से पहले हल्का भोजन ही करें

ज्यादा खाने के बाद सुस्ती और नींद आना स्वाभाविक है. ऐसे में जब भी खाना खाएं तो तुरंत बाद पढने न बैठें. पढने से पहले हल्का और पचने वाले भोजन करें इससे नींद नहीं आएगी और आलस भी नहीं लगेगा.

# टाइट जींस पहनने से लोगों में हो रहीं ये 5 शारीरिक दिक्कतें, समय रहते हो जाएं सचेत!



आजकल लोगों की वार्डरोब में बाकी कपड़ों के साथ–साथ जींस जरूर होती है. जींस सब की फेवरेट बन चुकी है. यह लोगों को स्टाइलिश लुक देने के साथ–साथ आराम भी देती है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें बहुत ज्यादा टाइट जींस पहनने की आदत होती है. कुछ लोग फैशन के चलते ज्यादा टाइट जींस पहनते हैं तो कुछ लोग आदतन टाइट जींस पहनते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं, उनकी यह आदत उनके लिए ही बुरी साबित हो सकती है. जो लोग बहुत ज्यादा टाइट जींस पहनते हैं, उन्हें असहज महसूस होता है. इतना ही नहीं, उनकी बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन भी प्रभावित होता है. आज हम आपको बताएंगे कि अगर आप बहुत ज्यादा टाइट जींस पहनते हैं तो इससे आपके शरीर को क्या–क्या नुकसान झेलने पड़ सकते हैं–

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, जो लोग बहुत ज्यादा टाइट जींस पहनते हैं, उससे उनका ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है. इससे पैर की नसे और मांसपेशियां भी ब्लॉक हो सकती हैं. इनके ब्लॉक होने से पैर और जांघ में सुन्नाहट छा जाती है और झुंझुनी की दिक्कत भी हो सकती है.

ज्यादा टाइट जींस पहनने से ब्लड सर्कुलेशन इफेक्ट होता है. ऐसे में ब्लड को पंप करने और दूसरे अंगों तक भेजने में हार्ट पर प्रेशर पड़ता है और नसों पर दबाव भी बनता है, जिसकी वजह से कई बार लोगों को घबराहट महसूस होने लगती है. ठीक इसी तरह की समस्या टाइट ब्रा पहनने वाली महिलाओं के साथ होती है इसलिए कपड़े हमेशा थोड़ा सा लूज पहनना चाहिए. ज्यादा टाइट जींस पहनने की वजह से लोग स्किन इन्फेक्शन का भी शिकार हो रहे हैं. दरअसल टाइट जींस के चलते फैब्रिक स्किन में चिपक जाता है और लोगों को चकत्ते और सूजन जैसी दिक्कतें होने लगती हैं. इतना ही नहीं, जांघ के आसपास रैशेज भी हो जाते हैं. ज्यादा टाइट जींस पहनने की वजह से पसीना सूख नहीं पाता है और लोगों को खुजली और रेडनेस की दिक्कत हो सकती है. ज्यादा टाइट जींस पहनने से पेट पर भी इसका बुरा असर पड़ता है. दरअसल जींस को कमर पर टाइट किया जाता है. इसकी वजह से आप कहीं पर भी बैठते हैं तो आपका मांस खिंचता है और नसें दबती हैं. इससे पेट में दर्द होने लगता है. ज्यादा टाइट जींस पहनने की वजह से आप कंफर्टेबल महसूस नहीं करेंगे और ठीक से खाना भी नहीं खा पाएंगे. बहुत ही कम लोग समझ पाते हैं लेकिन कई बार उनके कमर और कूल्हा में दर्द होने की वजह उनकी टाइट जींस होती है. दरअसल टाइट जींस की वजह से हिप जायंट्स और रीढ़ की हड्डी पर असर पड़ता है और उठने–बैठने में दिक्कत हो सकती है. इतना ही नहीं, टाइट जींस की वजह से स्किन में गांठ की दिक्कत भी होने लगती है. फिटिंग या टाइट जींस पहनने की वजह हमेशा एक साइज लूज जींस पहनी चाहिए.

# हनीमून से लौटते वक्त अरबाज खान ने शूरा को दी फ्लाइंग किस, हाथ में हाथ डालकर चलते दिखे कपल

बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान अपनी वाइफ व मेकअप आर्टिस्ट शुरा खान के साथ हनीमून मना कर मुंबई वापस लौटे हैं, इस दौरान एयरपोर्ट पर अरबाज ने शुरा को फ्लाइंग किस दी। कपल को एयरपोर्ट पर हाथों में हाथ डाले घूमते भी देखा गया। शूरा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एयरपोर्ट से एक प्यार भरा वीडियो शेयर किया। वीडियो में शूरा अरबाज को बुलाती हैं और फिर अरबाज पीछे मुड़कर उनको फ्लाइंग किस देते नजर आते हैं। वह शूरा से कहते है, चलो, चलते हैं। अरबाज ने व्हाइट टी–शर्ट, ब्लू डेनिम, स्नीकर्स पहने हुए हैं और गिटार लेकर आगे–आगे चल रहे है। वहीं शूरा ने ब्लैक कलर का टैंक टॉप और मैचिंग ट्राउजर पहना हुआ है।

अरबाज को पैपराजी से कहते हुए देखा जा सकता है, बी केयरफुलयह कपल 24 दिसंबर, 2023 को शादी के बंधन में बंध



ा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरबाज और शूरा की मुलाकात आने वाली फिल्म पटना शुक्ला के सेट पर हुई थी। इससे पहले अरबाज की शादी मॉडल मलायका अरोड़ा से हुई थी और उनका एक बेटा अरहान है। मई 2017 में इस कपल का तलाक हो गया।

## विधु विनोद चोपड़ा के साथ काम करना चाहते हैं हालीवुड अभिनेता विंसेंट डीआनफ्रियो


स्टेनली कुब्रिक निर्देशित फिल्म फुल मेटल जैकेट में अपने काम के लिए मशहूर हॉलीवुड अभिनेता विंसेंट डीऑनफ्रियो ने कहा है कि वह निर्माता–निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा के साथ काम करना चाहते हैं। विधु विनोद चोपड़ा इस समय अपनी फिल्म 12वीं फेल की सफलता का आनंद ले रहे हैं, जिसने सिनेमाघरों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। अब इसे ओटीटी पर काफी सराहना मिल रही है।



विंसेंट जल्द ही स्ट्रीमिंग सीरीज इको में दिखाई देंगे। उन्होंने विधु विनोद चोपड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा, मैंने जो फिल्में देखी हैं, उनके माध्यम से मुझे हमेशा बॉलीवुड में रुचि रही है और विनोद (विधु विनोद चोपड़ा) के साथ मेरी बहुत अच्छी दोस्ती रही है। मुझे उसके साथ काम करना अच्छा लगेगा और वह यह जानते हैं। मैं उनके साथ एक फिल्म करूंगा। मुझे लगता है कि अनुभव बहुत अद्भुत होगा। यह सचमुच मजेदार होगा। अभिनेता विंसेंट डीऑनफ्रियो की सीरीज इको 10 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

## विक्रांत मैसी स्टारर 12वीं फेल मकाऊ के एशिया-यूरोप यंग सिनेमा फिल्म फेस्ट में होगी क्लोजिंग फिल्म

विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित विक्रांत मैसी स्टारर बायोग्राफिकल ड्रामा 12वीं फेल को मकाऊ एशिया–यूरोप यंग सिनेमा फिल्म फेस्टिवल के लिए क्लोसिंग फिल्म के तौर पर चुना गया है। विधु 11 जनवरी को मकाऊ में 12वीं फेल की स्क्रीनिंग में शामिल होंगे। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा की वास्तविक कहानी के बारे में अनुराग पाठक के सबसे ज्यादा बिकने वाले नॉवेल पर आधारित है। यह फिल्म यूपीएससी परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों के अथक संघर्ष को उजागर करती है। परीक्षा की तैयारियों को कवर करने के अलावा, फिल्म सभी उम्मीदवारों के संघर्षों को भी कवर करती है, उनकी कई व्यक्तिगत समस्याओं का



पता लगाती है, जिनका सामना इच्छुक छात्र घर पर और साथ ही परीक्षा की तैयारी के दौरान अपने व्यक्तिगत संबंधों में करते हैं।

यह उन छात्रों के लिए बहुत सारी भावनात्मक समस्याएं पैदा करता है जो अंततरू पढ़ाई छोड़ देते हैं, या बड़े पैमाने पर डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। दृढ़ता और कभी हार न मानने की कहानी 12वीं फेल में विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ मेधा शंकर, अनंत वी जोशी, अंशुमान पुष्कर और प्रियांशु चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नवंबर 2023 में, फिल्म को इंडिपेंडेंट नॉमिनेशन के रूप में ऑस्कर के लिए भी पेश किया गया था।

# रोहित सुचांती ने भाग्य लक्ष्मी के लिए कमल हासन से ली प्रेरणा

भाग्य लक्ष्मी में चल रहे संवेदनशील सीक्वेंस पर खुलकर बात करते हुए अभिनेता रोहित सुचांती ने बताया कि कैसे उन्होंने शो के लिए सदमा में कमल हासन के किरदार से प्रेरणा ली।

यह शो लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) और ऋषि (रोहित सुचांती) के इर्द–गिर्द घूमता है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने देखा कि कैसे ऋषि द्वारा बचाने की कई कोशिशों के बाद भी लक्ष्मी को पागलखाने में ले जाया गया है।

जबकि ऋषि लक्ष्मी को पागलखाने से बाहर निकालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, रोहित एक ऐसे चरित्र को चित्रित करने का अवसर पाकर धन्य महसूस करते हैं जो एक अभिनेता



के रूप में उन्हें चुनौती देता है और साथ ही पीडिघ्त लोगों के इलाज के बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान आकर्षित करता है।शो के दौरान हमने देखा कि लक्ष्मी रिश्ते में परिपच् हो गई है और ऋषि की देखभाल करती है और अब ऋषि के लिए आगे आने और मानसिक रूप से अस्थिर लक्ष्मी की देखभाल करने का समय है, जो एक घातक दुर्घटना के बाद अपनी याददाश्त खो चुकी है।इस किरदार को खूबसूरती से निभाते हुए रोहित ने इस तरह की संवेदनशील भूमिका निभाने के बाद खुद में महसूस होने वाले बदलाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि शो का वर्तमान ट्रैक बहुत दिलचस्प है और वह इसका पूरा आनंद ले रहे हैं, क्योंकि ऋषि के किरदार ने 360 डिग्री का मोड़ ले लिया है।रोहित ने कहा, किसी को नहीं पता कि लक्ष्मी बच्चों जैसा व्यवहार क्यों कर रही है, लेकिन ऋषि ही हैं जो उस पर विश्वास करते हैं और उसकी देखभाल कर रहे हैं। टीम ने मुझे सदमा से कमल हासन सर का किरदार दिया और हम सभी जानते हैं कि वह कितनी उत्कृष्ट फिल्म है। मैंने फिल्म को देखा और समझा कि ऋषि का किरदार किस तरह के बदलाव से गुजर रहा है।1983 की सदमा में कमल हासन और श्रीदेवी मुख्य भूमिका में थे।उन्होंने आगे कहा, कई बार ऐसे परिदृश्य वास्तविक जीवन में घटित होते हैं और लोग उन लोगों के प्रति इतने संवेदनशील नहीं होते हैं जो मानसिक समस्याओं से गुजर रहे हैं। लेकिन ऋषि के चरित्र ग्राफ के इस चरण को निभाने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि मानसिक समस्याओं का सामना करने वाले लोगों के प्रति संवेदनशील और धैर्यवान होना कितना महत्वपूर्ण है।रोहित ने कहा कि इस सीक्वेंस के जरिए वे दर्शकों को एक मजबूत संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि कैसे किसी की थोड़ी सी मदद भी उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।उन्होंने कहा, मुझे यह कहना होगा कि ऐश्वर्या मौजूदा ट्रैक में शानदार काम कर रही हैं। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि दर्शक भी हमें अपना भरपूर प्यार दें।

भाग्य लक्ष्मी जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# मिशन रानीगंज दिल और दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ती है – निर्माता दीपशिखा देशमुख

पूजा एंटरटेनमेंट मिशन रानीगंज रू द ग्रेट भारत रेस्क्यू की शानदार सफलता का जश्न मना रहा है। यह फिल्म टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। पिछले साल रिलीज फिल्म ने दर्शकों और आलोचकों के दिलों पर अपनी अलग छाप छोड़ी। इसने साल की सबसे महत्वपूर्ण और प्रासंगिक फिल्म के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है और नेटफ्लिक्स पर ग्लोबल रैकिंग में भी टॉप पर है। मिशन रानीगंज 1989 में पश्चिम बंगाल में रानीगंज कोयले की खान में फंसे 65 मजदूरों को बाहर निकालने वाले जाबाज माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल की बायोपिक है। फिल्म में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी देखने को मिली। फिल्म के बारे में बात करते हुए पूजा एंटरटेनमेंट की निर्माता दीपशिखा देशमुख ने कहा, मुझे मिशन रानीगंज और इसके गहरे प्रभाव पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। मिशन रानीगंज स्क्रीन और दिल–दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ती है। एक निर्माता के रूप में, दर्शकों के बीच इसका प्रभाव देखकर, फिल्म मुझे बेहद गर्व से भर देती है। मैं इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने के अवसर के लिए आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म कई लोगों के दिलों को छूती रहेगी, बदलाव के लिए प्रेरित करेगी और ऐसे संबंध को बढ़ावा देगी, जो स्क्रीन से बहुत परे है। पूजा एंटरटेनमेंट प्रभावशाली और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्में देने में गर्व महसूस करता है, और मिशन रानीगंज उस प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह फिल्म न केवल रानीगंज कोलफील्ड्स हादसे के गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि देती है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में मानवीय भावना की ताकत की याद भी दिलाती है। मिशन रानीगंज रू द ग्रेट भारत रेस्क्यू ने पारंपरिक कहानी कहने की सीमाओं को पार करते हुए सिनेमा पर एक अमिट छाप छोड़ी है। अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा के सम्मोहक अभिनय के साथ–साथ टीनू सुरेश देसाई के कुशल निर्देशन ने फिल्म की सफलता में योगदान दिया है। जैसे–जैसे प्रशंसाएं मिल रही



हैं, पूजा एंटरटेनमेंट मिशन रानीगंज को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए दर्शकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है। फिल्म का प्रभाव मनोरंजन से परे है, जो संघर्ष और साहस की याद दिलाता है जो मानवीय अनुभव को परिभाषित करता है।

# आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना चाहती हैं प्रणति राय प्रकाश


लव आजकल 2 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करने के बाद, एक्ट्रेस प्रणति राय प्रकाश ने आशिकी की तीसरी इंस्टॉलमेंट में एक बार फिर से कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर करने की इच्छा व्यक्त की है। प्रणति का सपना आशिकी 3 में एक्टिंग करने और



अनुराग बसु के साथ काम करने का है, जो उनके ड्रीम्स डायरेक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने कहा, लोगों को हमारी केमिस्ट्री पसंद आई है और मुझे पर्सनली तौर पर रोमांटिक फिल्में पसंद हैं। मैं आशिकी 3 में उनके साथ एक बार फिर काम करना पसंद करूंगी। आशिकी फ्रेंचाइजी की शुरुआत 1990 के दशक में राहुल रॉय, अनु अग्रवाल और दीपक तिजोरी के साथ हुई थी। इसका निर्देशन महेश भट्ट ने किया था। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित आशिकी 2 2013 में रिलीज हुई थी। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, शाद रंधावा और महेश ठाकुर सहायक भूमिकाओं में हैं, साथ ही सलिल आचार्य एक कैमियो भूमिका में हैं।

# अनन्या पांडे ने अपना हालिडे एल्बम किया जारी, कहा, यह रीबूट का समय था

एक्ट्रेस अनन्या पांडे, जो नए साल का जश्न मनाने के लिए यूके में थीं, ने शुक्रवार को अपना हॉलिडे एल्बम जारी किया। अनन्या अपने कथित बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर के साथ छुट्टियां मनाने गई थीं। एक वायरल तस्वीर में दोनों यूके में आइस स्केटिंग का आनंद लेते दिख रहे हैं। अनन्या ने अपने हॉलिडे एल्बम में आदित्य की फोटो शेयर नहीं की। क तस्वीर में अनन्या ने लंदन की झीलों और पक्षियों की फोटो शेयर की हैं। दूसरे स्नैप में अनन्या को लंदन के फूड्स का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। इसमें खूबसूरती से सजाए गए क्रिसमस ट्री, दिल के शेप की चॉकलेट की भी झलक है। एक तस्वीर में 25 वर्षीय अभिनेत्री को आइस–स्केटिंग का आनंद लेते हुए भी दिखाया गया है। पोस्ट पर लंदन का जियोटैग दिया गया और कैप्शन में लिखा, मुझे पता है कि मुझे थोड़ी देर



हो गई है, लेकिन जैसा कि अहाना ने खो गए हम कहां के अंत में कहा था, यह रीबूट का समय है और हर साल कुछ संकल्प लेकर हम खुद को बदलने की कोशिश करते हैं, लेकिन इस साल मुझे उम्मीद है कि आप पूरी तरह से अपने जैसे हो सकते हैं। अनन्या हाल ही में रिलीज हुए ड्रामा खो गए हम कहां में अहाना के अपने किरदार का जिक्र कर रही थीं। अर्जुन वरैन सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं। फिल्म तीन दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमती है जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। फैंस ने कमेंट में पूछा, तो, कैमरा मैन आदित्य हैं? एक्ट्रेस की अगली फिल्म कंट्रोल और सी. शंकरन नायर की अनकही कहानी है।

# नए साल पर अर्जुन कपूर का नया टैटू, पाजिटिव सोच के साथ शुरू किया 2024 ईयर

2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए मशहूर बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा– च्चाइज एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है।सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बचन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

अर्जुन को अब से पहले डार्क कॉमेडी फिल्म कुत्ते में देखा गया था। वह जल्द ही एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगे।

# काफी विद करण जान्हवी कपूर की स्पीड डायल पर रूमर्ड बायफ्रेंड का नंबर, करण जौहर के सामने किया खुलासा

बॉलीवुड सिस्टर्स जान्हवी और खुशी कपूर स्ट्रीमिंग चौट शो कॉफी विद करण के अपकमिंग एपिसोड में नजर आएंगी। दोनों अपने करियर, फैमिली और लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं। शो के निर्माताओं ने सोमवार को अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो शेयर किया और इसमें बहनों के बीच मजेदार बातचीत का वादा किया गया है। रैट रेस सेगमेंट में करण जौहर ने जाह्नवी से पूछा, च्च्आपके स्पीड डॉयल में किन–किन लोगों का नंबर है। इस पर उन्होंने पापा (बोनी कपूर), खुशु (बहन खुशी कपूर) और शिखू (रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाडिया) का नाम लिया। आपको बता दें कि जाह्नवी कथित



तौर पर शिखर पहाडिया को डेट कर रही हैं और प्यार से उन्हें शिखू बुलाती हैं। इसके बाद करण ने खुशी से पूछा, च्च्ऐसा कहा जा रहा है कि आप वेदांग रैना को डेट कर रही हैं?इस पर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा, आपको फिल्म ओम शांति ओम का वो सीन याद है, जहां अवार्ड्स के लिए आए स्टार्स से सवाल–जवाब किए जाते हैं। जब उनसे ओम के बारे में पूछा जाता है तो वे कहते हैं– ओम और मैं सिर्फ अछे दोस्त हैं।

# केरल में एन्जाय कर रहे रणदीप हुडा और लिन लैशराम, कपल ने शेयर की रोमांटिक तस्वीरें

एक्टर रणदीप हुडा और लिन लैशराम ने एक वेडिंग कपल के तौर पर पहला नया साल साथ में सेलिब्रेट किया।

लवबर्ड्स ने सोशल मीडिया पर न्यू ईयर वैकेशन की तस्वीरें शेयर कीं। फोटो में रणदीप और लिन सेल्फी के लिए पोज दे रहे हैं और बैकग्राउंड में सनसेट की लुभावनी शाम है।

सरबजीत एक्टर ने सिर्फ शॉर्ट्स पहने हुए हैं, जबकि लिन ने मोनोकिनी पहन रखी है।

पोस्ट को कैप्शन दिया गया थारू 2023 का आखिरी सनसेट।

जियोटैग में केरल का कन्नूर था। पोस्ट को रणदीप ने सूरज डूबा हैं गाने का म्यूजिक ऐड किया।इस कपल ने 29 नवंबर को मणिपुर के इंफाल में परिवार के सदस्यों और कुछ दोस्तों की मौजूदगी में पारंपरिक मैतेई रिवाजों से शादी की। इस बीच, वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप

# अभिनेता मनोज बाजपेयी ने दिखाई अपनी वाशबोर्ड एब्स

बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी स्ट्रीमिंग सीरीज किलर सूप की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपने वॉशबोर्ड एब्स के साथ एक फोटो शेयर की। तस्वीर में मनोज अपने वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, नया साल, नया मैं, देखो सूप का मेरी बॉडी पर असर, एकदम किलर लुक है ना?

गैंग्स ऑफ वासेपुर में मनोज को निर्देशित करने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने फोटो पर टिप्पणी की, छुपे रुस्तम

मनोज की सत्या और अलीगढ़ के एडिटर अपूर्व असरानी ने टिप्पणी की, बहुत प्रभावशाली

मनोज के पास पाइपलाइन में किलर सूप है। सीरीज में कोंकणा सेनशर्मा, नासिर, सयाजी शिंदे और लाल भी हैं, यह एक घरेलू शेफ, एक इंस्पेक्टर और खलनायकों की कहानी बताती है।

सीरीज का निर्देशन और सह–लेखन अभिषेक चौबे ने किया है। यह 11 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# बनकटा हत्याकांड मामले मे 4 अभियुक्त गिरफ्तार



संवाददाता।

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे दिनांक 04.01.2024 को थाना बनकटा क्षेत्रान्तर्गत रामकोला चट्टी में एक युवक को गोली लगने के सम्बन्ध में थाना बनकटा पर अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है। आज दिनांक 08.01.2024 को थाना बनकटा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामकोला चट्टी से 04 अभियुक्तों क्रमशः 01.शिवकुमार राजभर पुत्र रामप्रवेश राजभर निवासी–तिलौली थाना बनकटा जनपद देवरिया 02.गोविन्द कुमार राम पुत्र नागेन्द्र राम निवासी–डरौला थाना गुठनी जनपद सिवान(बिहार) 03.मन्नु कुमार गौड़ पुत्र रामानन्द गौड़ निवासी–ऐंठी थाना बनकटा जनपद देवरिया 04.मोनू यादव उर्फ टिन्डा पुत्र हरिशंकर यादव निवासी–हाट पोखर थाना बनकटा जनपद देवरिया को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से कुल 03 अदद देशी तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि ग्राम तिलौली में शिवकुमार राजभर उपरोक्त के घर पर उसके जन्मदिन के दिन हम लोग मौजूद थे जहां पर तमंचे से फायर हो गया जो पीड़ित को लग गयी थी। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए बरामद देशी तमंचा व कारतूस को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः– 01.शिवकुमार राजभर पुत्र रामप्रवेश राजभर निवासी–तिलौली थाना बनकटा जनपद देवरिया 02.गोविन्द कुमार राम पुत्र नागेन्द्र राम निवासी–डरौला थाना गुठनी जनपद सिवान(बिहार) 03. मन्नु कुमार गौड़ पुत्र रामानन्द गौड़ निवासी–ऐंठी थाना बनकटा जनपद देवरिया 04.मोनू यादव उर्फ टिन्डा पुत्र हरिशंकर यादव निवासी–हाट पोखर थाना बनकटा जनपद देवरिया बरामदगी का विवरणः– 01. तीन अदद देशी तमंचा 02.दो अदद जिन्दा कारतूस गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः– 01.उ0नि0 रिजवान अली थाना बनकटा देवरिया, 02.उ0नि0 शशि गोस्वामी थाना बनकटा देवरयिा 03.उ0नि0 रिदवन सिंह थाना बनकटा देवरिया, 04. मु0आ0 विरेन्द्र यादव थाना बनकटा देवरिया, 05.कां0 प्रमोद यादव थाना बनकटा देवरिया, 06.कां0 नामवर सिंह यादव थाना बनकटा देवरिया, 07.कां सर्वेश त्रिपाठी थाना बनकटा देवरिया, 08.कां0 धीरज कुशवाहा थाना ।बनकटा देवरिया, 09.कां0 योगेन्द्र यादव थाना बनकटा देवरिया, 10.कां0 शिवकुमार कुशवाहा थाना बनकटा देवरिया,

# अलाव ताप रहे राजमिस्त्री को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

## – गिरवां थाना क्षेत्र के तेरा गांव में हुई घटना

बांदा । काम निपटाने के बाद साइकिल से घर जा रहा राजमिस्त्री गांव के समीप जल रहे अलाव में बदन सेंकने लगा। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। गिरवां थाना क्षेत्र के तेरा गांव निवासी बच्चा वर्मा (42) पुत्र सत्तीदीन महुआ में राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहा था। रविवार की शाम को काम खत्म करने के बाद वह बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहा था। तभी गांव के समीप स्थित मंदिर के पास जल रहे अलाव में वह बदन सेंकने लगा। इसी दौरान बड़ोखर की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने अलाव तापते समय टक्कर मार दी। इससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई रतन वर्मा ने बताया कि बच्चा अपने पीछे एक पुत्री और एक पुत्र छोड़ गया है।

# घर–घर पहुंचाए जा रहे पत्रक और अक्षत

## – श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति ने बनाई 700 समितियां

संवाददाता।

बांदा। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह मे पूरे जनपद के प्रत्येक हिन्दू परिवारों की विस्तृत सहभागिता के लिए घर–घर अक्षत, चित्र, पत्रक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के जिला संयोजक प्रभाकर सिंह चंदेल ने बताया कि पूरे जनपद की सभी ग्राम सभाओ व मजरो को इस अभियान से पूर्णरूप से जोड़ा गया है। 700 समितियो के माध्यम से कार्यकर्ता घर–घर पहुंच रहे हैं। जिला समिति, खण्ड समिति व समितियो के पालक अपने–अपने क्षेत्रो मे निरन्तर प्रवास कर अभियान को गति प्रदान कर रहे है। जनपद के सभी ग्रामो मजरो तक हमारी टीम पहुच गयी है।

बताया कि संघ व विचार परिवार के प्रान्तीय, जिला क्षेत्र में रूककर इस पुनित पवित्र कार्य को गति प्रदान कर रहे है। विभाग प्रचारक मनोज, जिला प्रचारक अनुराग, जिला संयोजक प्रभाकर चंदेल प्रतिदिन सभी खण्डो व मण्डलो की समितियों के साथ अच्छत वितरण कार्यक्रम मे शामिल हो रहे हैं। अब शोभा यात्राए न्याय पंचायत (मंडल) स्तर पर भी निकल रही है जिसमे भारी संख्या मे हिन्दू समाज स्वतः सम्मलित हो रहा है। बीते दिनों गिरवां, चिल्ला, बडोखर, बिलगांव, कालिंजर, कुरौली आदि न्याय पंचायतों में भव्य शोभा यात्राएं निकाली गईं। 7 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कानपुर प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक रमेश, विभाग प्रचारक मनोज, जिला प्रचारक अनुराग, जिला संयोजक प्रभाकर सिंह चंदेल, जिला कार्यवाह श्यामसुंदर, विभाग सम्पर्क प्रमुख सीएल उपाध्याय, खण्ड संयोजक राजेश गुप्ता, खण्ड कार्यवाह अतर्रा, बिसण्डा, जिला समिति सदस्य राजेश परिहार के साथ अतर्रा बस्तियों में सघन भ्रमण किया। जिसमे नगर के एक हजार परिवारों को अच्छत वितरण किया। इसके बाद अतर्रा नगर समीक्षा बैठक मे कहा कि 'जन–जन तक पहुंचने का कार्य करना है कोई घर छूटे नही' के मंत्र के साथ सह प्रान्त प्रचारक रमेश ने सभी का उत्साह बढाया। इसके बाद बिसण्डा नगर की बस्तियों में सघन सम्पर्क अभियान चलाया गया, जिसमे नगर कार्यवाह ब्रजेश, सह कार्यवाह अजय, खण्ड समिति के साथ साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने नगर में भ्रमण कर पूजित अच्छत घर–घर पहुंचाए। इस अवसर पर संजय हिन्दू जागरण मंच, खण्ड संयोजक रामदास, राकेश गौतम मेजर, राजेश गुप्ता, सत्यनारायण नगर कार्यवाह, हर्षित सह खण्ड संयोजक, बबेरू नगर के अभियान मे विभाग कार्यवाह संजय, बड़ोखर मे जिला संघ चालक सुरेन्द्र पाठक खण्ड कार्यवाह राजेन्द्र सिंह संयोजक हरनाम, महुआ मे खण्ड कार्यवाह बालेन्द्र, संयोजक अलोक तिवारी, नरैनी संयोजक विपिन दीक्षित, बांदा कार्यवाह सोमेश, संयोजक जगदीश पटेल, बबेरू नगर शयाम कमासिन कार्यवाह विमल, संयोजक शशिभूषण, शिवशंकर भोले ने अभियान मे हिस्सा लिया। जिला संयोजक प्रभाकर सिंह चंदेल ने बताया कि अपनी सभी समितियों के माध्यम से जिले मे 7 दिवसीय अभियान के पूर्ण होने पर तीन लाख परिवारों तक अच्छत, चित्र, पत्रक पहुंचकर अयोध्या धाम का निमंत्रण दिया गया है। 15 जनवरी तक इस लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रत्येक हिन्दू परिवारों तक श्रीराम लला का निमंत्रण पहुंचाया जायेगा।

# तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट फोन सहयोगी विधायक

नरैनी। क्षेत्रीय विधायक ने महिला महाविद्यालय में स्नातक पास छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे।कहा तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट फोन सहयोगी साबित होगा।नया फोन पाकर छात्राओ के चेहरे खिल उठे। कस्बा स्थित पार्वती महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा नरैनी से विधायक ओम मणी वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया। बीए और बीएससी पास कर चुकी 200 छात्राओं को विधायक ने स्मार्ट फोन वितरित कर उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि सूचना क्रांति के इस युग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी विद्यार्थियों को नई तकनीक द्वारा समग्र रूप से सक्षम बनाना चाहते हैं। बताया कि हमारे देश के युवा हर तरह से शसक्त हैं साथ ही उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए स्मार्ट फोन वितरित किए जा रहे हैं। बताया कि जहां छात्र अपने अध्ययन कार्य में स्मार्ट फोन का सहारा लेकर घर बैठे तमाम समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं वहीं सरकार द्वारा संचालित तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं की जरूरी जानकारियां भी पास पड़ोस के गरीबों को देकर उनकी मदद भी कर सकते हैं। बताया कि बेटिया आज सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर सहभाग कर रही हैं इस स्मार्ट फोन के माध्यम से उन्हें और ज्यादा मदद मिलेगी।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक यमुना प्रसाद पाण्डेय, प्राचार्य डॉ ममता त्रिवेदी, भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय, दीन दयाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेश पाण्डेय, शिक्षक स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# चरण पादुका यात्रा का होगा भव्य स्वागत, सजेगी तुलसी नगरी

## –एसडीएम, सीओ, नगर पंचायत अध्यक्ष ने की बैठक

संवाददाता

राजापुर । 22 जनवरी भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं 15 जनवरी से भगवान राम चरणपादुका यात्रा भरतकूप से प्रारम्भ होकर 16 जनवरी को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली में आने को लेकर नगर पंचायत के प्राँगण में एसडीएम व क्षेत्राधिकारी राजापुर की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न हुई। एसडीएम प्रमोद झा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की नगरी में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मन्दिरों को भव्य सजाया संवारा जाएगा। दीप प्रज्ज्वलित कराए जाएंगे। तुलसी स्मारक में विशेष सजावट के साथ अखण्ड रामचरितमानस पाठ तथा द्वादश शिव मन्दिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ नगरवासी अपने अपने घरों में दीपोत्सव मनाएं। अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बीएन कुशवाहा को निर्देशित किया गया है कि नगर, मन्दिरों, सामाजिक स्थलों में साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था के साथ विद्युत उप खण्ड अधिकारी डीके सिंह को निर्देश दिए गए हैं कि मुख्य मार्गों में झूलती हुई तारों तथा जर्जर खम्भों की व्यवस्था कराएं। बैठक में क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि राम चरणपादुका यात्रा के दौरान विशेष पुलिस बल की तैनाती व मन्दिरों के आसपास सुरक्षा बल तैनात किए जाएगे। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि नगर पंचायत की तरफ से नगर की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था, यात्रा के दौरान पुष्पवर्षा, मंदिरों, सामाजिक स्थलों के साथ साथ तुलसी जन्मकुटीर के तट पर माँ कालिन्दी सहित दीपदान कराया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी 15 वार्डों के सभासदों को सौपी जाएगी। पाँच सदस्यीय टीम पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा अपने दायित्वों के साथ निर्वाह करेंगे। 14 से 22 जनवरी तक नगर को सजाया व संवारा जाएगा। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर बलवान सिंह, सुभाषचन्द्र अग्रवाल, सतीशचन्द्र मिश्रा, शंकरदयाल जायसवाल, सन्तोष बंसल, सोमनाथ अग्रवाल, मन्नू सोनी, गजराज प्रसाद, ओमप्रकाश, रमन मोदनवाल, राकेश नामदेव, ऊदल प्रसाद, तरणि कुमार शुक्ला, जितेंद्र सोनकर, मोनू सोनकर आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## – कमासिन पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना

बांदा। आटो खरीदने के लिए बाइक में सवार होकर जा रहे तीन लोगों को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। कमासिन थाना क्षेत्र के अमेढ़ी गांव के मजरा देविन पुरवा निवासी राजन (30) पुत्र बाबू निषाद अपने भाई सत्यकरन (32), दुर्गा (20) के साथ बाइक में सवार होकर आटो खरीदने के लिए जा रहे थे। बाइक सवार अभी कमासिन पेट्रोल पंप के पास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनो भाई जख्मी हो गए। राजन को गंभीर चोटें आईं। उसे बबेरू सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# गांजा की खेती करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बांदा। गांजा की खेती करने वाले अभियुक्त को कालिंजर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 8.4 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा गया है।सोमवार सुबह थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कालिंजर पुलिस गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गोपरा में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के पीछे बाड़े में अवैध रुप से गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक अभियुक्त को ग्राम गोपरा से गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से अभियुक्त के कब्जे से 8.4 किलोग्राम अवैध हरा गांजा बरामद हुआ है। पकडत्रे गए अभियुक्त ने अपना नाम गोरेलाल यादव पुत्र टिर्री यादव निवासी ग्राम गोपरा बताया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी कालिंजर ऋषिदेव सिंह, उप निरीक्षक सूरज पांडेय, कांस्टेबल धीरेंद्र कुमार, मिथलेश कुमार, महिला कांस्टेबल पूनम शामिल रहीं।

# मंडल कारागार में सजायाफ्ता बंदी की हालत बिगड़ी, मौत

## – पड़ोसी की हत्या के बाद मिली थी आजीवन कारावास की सजा

बांदा। पड़ोसी की हत्या करने के आरोप में मंडल कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की अचानक हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज ले जाया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को मौत की खबर दी गई। इससे परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के बिसंडी गांव निवासी चंद्रकुंवर (70) पुत्र बच्छराज ने 20 वर्ष पूर्व विवाद के दौरान पड़ोसी रामहित की हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में चंद्रकुंवर को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया था। तब से चंद्रकुंवर सजा काट रहा था। जेल में रहने के दौरान वह बीमार हो गया। उसका जेल अस्पताल में उपचार किया जा रहा था। रविवार की दोपहर को अचानक चंद्रकुंवर की हालत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल के बाद मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन की ओर से बंदी के परिजनों को सूचना दी गई। मृतक का एक पुत्र सुनील अहमदाबाद में रहकर काम करता है। जबकि दूसरे पुत्र की डेढ़ वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। पत्नी सुलोचना समेत परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# घर में घुसकर लूटपाट, नाबालिग से रेप का प्रयास

## –पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर

चित्रकूट। घर में घुसकर लूटपाट, छेड़खानी करते हुए रेप का प्रयास करने, अपहरण कर 27 हजार रुपए लेकर मुक्त करने का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी के मामले में बुद्विजीवी की अभिभावक ने मुख्यमंत्री सहित कर्वी पुलिस को तहरीर सौपकर नामजद आरोपियों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कराए जाने की फरियाद लगाई है।

ये घटना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोढ़वारा कालोनी की है। बुद्धिजीवी ने उक्त अधिकारियों को सौपे गए पत्र में अवगत कराया कि पेश से बुद्धिजीविता के बल पर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। बताया कि उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। जिसका फायदा उठाकर पड़ोस के तीन लोगों का नाम बताती है उसके घर में पत्थर फेंका। जबरन दरवाजा खुलवाकर अंदर घुस गए। छेड़खानी करते हुए रेप का प्रयास किया। घर में रखे पांच हजार रुपए निकालने का आरोप लगाया। सौपे गए पत्र में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट व अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी देते हुए चले गए। अभिभावक ने बताया कि वह उस समय घर से बाहर थी। उसकी भुक्तभोगी बेटी ने उसे फोन भी लगाया। जब फोन नहीं लगा तो रिश्तेदारो को फोन कर बुलाया। बताया कि उसका एक रिश्तेदार घर पहुंच गया था। आरोपीगणों ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया था। अभद्र भाषा का प्रयोग कर चरित्र पर लांक्षन लगाने लगे। कालोनी से बाहर निकलवाने की धमकी देने लगे। बताया कि काफी देर बाद उक्त आरोपियों ने दरवाजा खोला। तब उसका बांदा से आया रिश्तेदार बाहर निकला। जिसे आरोपियों ने पकड़ लिया। अपहरण कर ले गए। उसके रिश्तेदार से 27 हजार रुपए आनलाइन एक मोबाइल नंबर पर ले लिए। इसके बाद उन्हे मुक्त किया। बुद्धिजीवी अभिभावक ने बताया कि घटना के समय वह मुरादाबाद अपने परिजनो से मिलने गई थी। घटना की सूचना मिलने पर वह वापस लोढ़वारा आई। उसे भी आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर तरह–तरह की धमकी दी। पत्र में मांग की है कि प्रकरण की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कराई जाए।

# बायोगैस प्लांट से करें विद्युत उपयोग– डीएम

संवाददाता।

चित्रकूट । डीएम अभिषेक आनंद ने सोमवार को ग्राम पंचायत कसहाई में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 के अंतर्गत बायोगैस आधारित संयंत्र 45 धन मीटर क्षमता गैस उत्सर्जन मय बायोगैस प्लांट का औचक निरीक्षण किया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि बायोगैस प्लांट 45 धन मीटर बिजली पैदा करती है। अपशिष्ट से खाद के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र को निर्देश दिए कि उत्पादन होने वाली इलेक्ट्रिसिटी के प्रयोग के लिए विद्यालयों एवं लोगों को देने के लिए संपर्क करें। ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि रोड पर ग्राम निधि से लाइट लगवाए। जिससे बायोगैस प्लांट की विद्युत से आम जनता का लाभ हो सके। इसके बाद स्थाई गौशाला का निरीक्षण कर स्टाफ के बारे में जानकारी ली। उन्होंने

ग्राम सचिव को निर्देशित किये कि जिन पशुओं को टैग नहीं लगा है उनको लगवाए। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, बीडीओ कर्वी आस्था पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन प्रभात द्विवेदी, सचिव राम कुमार मौजूद रहे।

# ग्राहक पर खौलता तेल डालने वाले दुकानदार को 10 साल की कैद

चित्रकूट । युवक पर खौलता तेल डालकर झुलसा देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी अण्डा विक्रेता को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 11 हजार 500 रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 18 जून 2015 को मानिकपुर निवासी नन्द किशोर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका बेटा पंकज मानिकपुर के गांधी नगर निवासी मन्नू उर्फ गणेश प्रसाद गुप्ता के यहां अण्डा लेने गया था। इस दौरान अण्डे की गुणवत्ता को लेकर पंकज ने सवाल खडा किया। इस बात को लेकर अण्डा विक्रेता मन्नू उर्फ गणेश प्रसाद गुप्ता नाराज हो गया और उसने पंकज पर दुकान से खौलता हुआ तेल उठाकर डाल दिया। जिससे उसका चेहरा पूरी तरह झुलस गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद झुलसे युवक का चिकित्सीय परीक्षण कराया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी मन्नू उर्फ गणेश प्रसाद गुप्ता को 10 वर्ष कारावास एवं 11 हजार 500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# भिक्षावृत्ति–बालश्रम रोकने को चलाएं रेस्क्यू अभियानरू सदस्य

संवादाता। चित्रकूट। बाल संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने ज्ञान भारती इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। छात्राओं से चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर आदि के संबंध में पूछा। पढ़ाई आदि इंतजाम सही मिले। इसके पश्चात जनपद के सर्किट हाउस में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। श्रम प्रवर्तन अधिकारी तथा नगर निगम को बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम रोकने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को आगामी 12 से 23 जनवरी तक सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए कहा है। बीएसए से कहा कि आरटीई के अधिक से अधिक बच्चों का एडमिशन कराएं। कार्यक्रम अधिकारी को पोषण वाटिका बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र भदौरिया, प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, सीएमएस, सीओ सिटी, कार्यक्रम अधिकारी, आबकारी अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी, सीडब्ल्यूसी टीम, बाल संरक्षण अधिकारी, महिला शक्ति टीम उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।